# HISAR METAL INDUSTRIES LIMITED

**Regd. Off & Works: Near Industrial Development Colony, Hisar-125005 (HRY)**
**Phone: 01662-220067,220367,220738 Fax 01662-220265**
**Email :info@hisarmetal.com, Web www.hisarmetal.com**
**CIN No: L74899HR1990PLC030937**

**June 20, 2020**

Corporate Relationship Department
Bombay Stock Exchange.
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai - 400 001
**Scrip Code: 590018**
**(Category: Permitted for Trade)**

Corporate Listing Department
National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, 5th Floor
Plot No. C-1, G Block
Bandra Kurla Complex, Bandra East
Mumbai – 400051
**Scrip Code: HISARMETAL**

**Sub: Newspaper Publication for Board Meeting to consider and approve Audited financial results for the quarter and year ended on March 31, 2020**

Dear Sir / Madam

Pursuant to our letter dated 19/06/2020 regarding meeting of board of Directors of the company to be held on Tuesday, June 30, 2020 to consider and take on record inter alia the Audited Financial Results of the company for the quarter and year ended 31st March,2020 we hereby enclose copies of the notice published in "The Financial Express" ( English-Newspaper ) and "Jansatta" ( Hindi-Newspaper ) on 20/06/2020.

This is for your kind information and records.

Thanking You,

Yours faithfully,
For **Hisar Metal Industries Limited**

HISAR METAL IND. LTD. HISAR

(Vishesh Kumar Chugh)
**Company Secretary & Compliance Officer**

# बाहर से आए लोग बढ़ा रहे आंकड़ा, 32 नए संक्रमित

## इनमें हमीरपुर से 14, कांगड़ा से 8, सोलन से 8, बिलासपुर से दो लोग आए चपेट में

जनसत्ता टीम
शिमला\धर्मशाला\हमीरपुर,19 जून।

प्रदेश में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को प्रदेश में 32 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही राज्य में कोरोना संक्रमित मामलों की कुल संख्या 626 हो गई है। 373 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गए हैं। चार राज्य के बाहर चले गए हैं। कोरोना से छह की मौत हुई है। राज्य में सक्रिय मामलों की संख्या 326 हो गए हैं।

आज हमीरपुर जिले में एक साथ 14, कांगड़ा में आठ और सोलन से 8, बिलासपुर से दो नए मामले आए हैं। कांगड़ा में आने वाले सभी मरीजों का यात्रा इतिहास दिल्ली-एनसीआर का है। संक्रमितों को कोविड केयर सेंटर बैजनाथ शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं सोलन जिला मुख्यालय में पहली बार कोरोना ने दस्तक दी है। जिले में छह नए मामले सामने आए हैं। इनमें से चार लोग घरों में और एक संस्थागत क्वारंटीन में था। ये मामले चंबाघाट और राधा स्वामी सत्संग से आए हैं। इनमें से चार एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।

**हमीरपुर:** जिला उपायुक्त हरिकेश मीणा ने बताया कि जिला में आज 14 नए संक्रमित आने से जिले में संक्रमित मामलों की कुल संख्या 155 पहुंच गई है। इनमें 4 महिलाएं, 3 पुरूष तथा 3 बच्चे शामिल हैं। इनमें भोरंज क्षेत्र के गांव तरक्वाड़ी की 32 वर्षीय महिला, 10 वर्षीय लड़का,54 वर्षीय व्यक्ति शामिल हैं जो 12 जून को दिल्ली से आए थे तथा राजकीय महाविद्यालय कंजयाण में संस्थागत संगरोध में थे। इसी प्रकार चौथी लदरौर क्षेत्र के खुथड़ी गांव की महिला है जो 10 जून को बहरीन से आई थी और कंजयाण में ही संस्थागत संगरोध केन्द्र में संगरोध थी। 17 जून को इसका सैंपल लिया गया था। पाचवीं 62 वर्षीय महिला, 38 वर्षीय पुरुष, 6 वर्षीय तथा 11 वर्षीय दो बच्चे शामिल हैं। ये 11 जून को दिल्ली से अपनी कार द्वारा आए थे तथा संस्थागत संगरोध केन्द्र बाबा बालक नाथ ट्रस्ट में संगरोध प थे। 17 जून को इनके सैंपल लिए गए थे। नौवां 34 वर्षीय व्यक्ति तथा 24 वर्षीय उसकी पत्नी सुजानपुर के बीड़-बगेहड़ा क्षेत्र से हैं। ये भी 10 जून को टैक्सी से दिल्ली से आए थे तथा घर पर ही संगरोध में थे। इनके सैंपल 17 जून को लिए गए थे।

**कांगड़ा** जिले में शुक्रवार को आठ लोग कोरोना संक्रमित पाये गए हैं जिनमें एक महिला भी शामिल है। सभी पीड़ित दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लौटे हैं। उपायुक्त राकेश प्रजापति के मुताबिक जिनकी जांच रिपोर्ट में आज में संक्रमण की पुष्टि हुई है उनमें चढ़ियार के भुआणा का 29 वर्ष और रूपेहड़ का 32 साल का, गगल के नजदीक खोली गांव से 28 बर्षीय, धीरा से भी 28 वर्ष का युवक और 58 वर्ष का व्यक्ति, थुरल से 59 साल का धर्मशाला शहर के साथ लगते झियोल से 51 वर्षीय, बैजनाथ के धानग गांव की निवासी 29 वर्ष की महिला और पंचरूखी के बियाड़ा गांव का 26 साल का एक युवक शामिल है। जिलाधीश ने बताया कि इनमें पहले छह आलमपुर में और बाकि के दो परौर संगरोध केंद्र में थे। आज सभी को कोविड केंद्र बैजनाथ भेज दिया गया। इस तरह जिले में 166 मरीजों में 100 स्वस्थ जबकि 65 का उपचार जारी है तो एक की मृत्यु हो चुकी है।

प्रदेश के **सोलन** जिले में कोरोना संक्रमण के 8 नए मामले सामले आए हैं। इस के साथ सोलन जिले में कोरोना संक्रमित मामलों का आंकड़ा 71 तक पहुंच गया है। इनमें से 36 सक्रिय मामले हैं जबकि 29 मरीज ठीक हो चुके हैं। कोरोना संक्रमण ने जिला मुख्यालय में भी दस्तक दे दी है। अभी तक बद्दी इलाके से ही कोरोना संक्रमित मरीज सामने आ रहे थे। पांच मामले जिला मुख्यालय में चंबाघाट के बेर की सेर गांव के एक ही परिवार के चार लोग संक्रिमत पाए गए है। इसके अलावा राधा स्वामी सत्संग भवन में क्वारंटीन में रखा एक व्यक्ति भी पाजिटिव पाया गया है। वह दिल्ली से सोलन पहुंचा था। जबकि एक अन्य व्यक्ति परवाणू के पृथकवास केंद्र से पाजिटिव आया है।


**HIMACHAL PRADESH**
**JAL SHAKTI VIBHAG**
**DRAFT NOTICE INVITING E-TENDER**

Online bids on item rate basis are invited by the Executive Engineer Jal Shakti Division Mandi on behalf of the Governor of Himachal Pradesh, in electronic tendering system in two covers for the under mentioned work from the contractors/firms of appropriate class enlisted with any department/Government undertaking as per his/her class of enlistment should be allowed.
**Name of work:- Augmentation of Sewerage Scheme Mandi Town and Providing sewerage facility to adjoining villages of Mandi Town in Distt Mandi (HP) Sewerage facility to adjoining villages of Mandi Town in Distt Mandi (HP). (SH:- Laying, Jointing and Testing of D.I. Pipe in sewer network, construction of RCC man holes, flushing tank, providing house hold connections, P/Machinery, R/Main & P/House etc) (Zone-B).**

Estimated Cost :- Rs. 1,74,06,346/-Only
Earnest Money :- Rs. 2,06,600/- Only
Time Limit :- One Year.
Cost of tender document :- Rs. 1500/-

The bids are to be submitted online which are to be encrypted and digitally signed by the contractor/ firms. The bidders are advised to obtain digital signature certificate (DSC) from the suitable venders or any authorized agency at the earliest.

**Schedule of tendering:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Bid Submission start date | 16.06.2020 05.00 PM |
| 2. | Bid Submission end date | 29.06.2020 05.00 PM |
| 3. | Opening of Cover-I | 30.06.2020 at 11.30AM |
| 4. | Opening of Financial bid | Date and place to be notified separately. |

**Conditions:-**
1. The e-tender documents shall be uploaded in two covers :-
i. **Cover-1** shall contain scanned copies of **"Eligibility information".**
ii. **Cover-2** shall contain "Financial Bid" on the prescribed form.
i) **Cover-1:-** The **"Eligibility information"** shall contain Scanned copies of following documents duly uploaded in the bid.

**Executive Engineer,**
**Jal Shakti Division, Mandi.**
1081/HP



**HP PWD TENDER**

Sealed item rate tenders are hereby inviting on behalf of Governor of Himachal Pradesh by the Executive Engineer, Chopal Division HPPWD Chopal for the following works from the approved and eligible contractors enlisted in H.P.P.W.D., so as to reach in the office on or before 13.07.2020 at 11.00 A.M. and will be opened on the same day at 11.30 A.M. in the presence of the intending contractors/firms or their authorized representatives who wish to be present. Application for tender form should be submitted to his office (Chopal Division HPPWD Chopal) against cash payment (Nonrefundable) on any working day during the office hours upto 4.00 P.M. dated 10.07.2020 and tender documents can be had from his office on same day 5.00 P.M. No tender form documents will be issued after 5.00 P.M. on scheduled date. If the office happens to be closed on the scheduled date the tender form documents will be sold /opened on the next working day at the same time and venue.

The earnest money in the shape of FDR, NSC purchase from any nationalized Bank or Post Office shall be deposited duly pledged in favors of the Executive Engineer, Chopal Division HPPWD Chopal, must accompany with application form. Conditional tender and the application received without earnest money will summarily be rejected. The offer of the tenders shall be opened for 90 days. The XEN reserve the right to reject/accept the tenders without assigning any reason.

The copy of the latest renewal/enlistment, PAN Number and GST/CST/TIN number must also accompany the application for the tender documents.

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Form | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | R/R damages on KutanganNallah to KudiSarach road km. 0/0 to 5/0 (SH: C/o PCC B/wall at km. R.D. 3/080 to 3/100 and R/wall at R.D. 3/075 to 3/090). | 3,83,159/- | 8,000/- | 350/- | One Month |
| 2. | C/o link road to village Koti km. 0/0 to 0/375 (SH: P/L G-I & G-II and B/wall at km. R.D. 0/265 to 0/265, 0/333 to 0/350 in PCC). | 2,79,068/- | 6,000/- | 350/- | One Month |
| 3. | R/M on Nerwa to Deiya road km. 0/0 to 17/500 (SH: C/o PCC wall in between km. R.D. 0/0 to 0/020) under additionally. | 3,69,944/- | 8,000/- | 350/- | One Month |
| 4. | C/o Nerwa to HarijanBastiKatahan road km. 0/0 to 6/0 (SH: C/o PCC R/wall at R.D. 1/225 to 1/240 and 1/295 to 1/310 and widening of road km. 1/915 to 2/265). | 4,98,325/- | 10,000/- | 350/- | One Month |
| 5. | C/o road from Gunsakainchi to Dochi in GP Chanju km. 0/0 to 3/0 (SH: C/o R/wall in PCC and wire crate in between km. R.D. 2/440 to 2/450 and 2/465 to 2/470). | 4,76,213/- | 10,000/- | 350/- | One Month |
| 6. | R/R damages on SainjChopalNerwaFeduj rad km. 20/0 to 90/0 (SH: C/o R/wall in between km. R.D. 71/950 to 71/995). | 4,58,993/- | 10,000/- | 350/- | One Month |
| 7. | C/o Kafrona to Shanti Kunj road km. R.D. 0/0 to 0/500 (SH: C/o R/wall in between km. R.D. 0/185 to 0/215). | 4,96,000/- | 10,000/- | 350/- | One Month |
| 8. | C/o Maneoty to ThangarRamdaraTelarKashak road km. 0/0 to 10/0 (SH: Cutting n earth work in between km. R.D. 2/0 to 2/705). | 4,90,779/- | 10,000/- | 350/- | One Month |
| 9. | C/o road Painda to Kufar km. 0/0 to 3/300 (SH: Cutting in earth work in between km. R.D. 330 to 0/375 & 0/405 to 0/650 R/wall in between km. R.D. 0/150 to 0/190). | 4,58,785/- | 10,000/- | 350/- | One Month |
| 10. | Repair and maintenance of Deiya to Chilrana road km. 0/0 to 1/0 (SH: G-I & G-II in km. R.D. 0/0 to 1/0) under MLA LAD | 3,99,778/- | 8,000/- | 350/- | One Month |
| 11. | C/o balance work on link road Aar to Leelidhar km. 0/0 to 1/0 (SH: Cutting in earth work in between km. 0/0 to 1/0) under MMGSY. | 4,80,635/- | 10,000/- | 350/- | One Month |
| 12. | R/R damages on ChopalChowkiaJhiknipul road km. 0/0 to 16/135 (SH: C/o progection wall in between km. R.D. 8/965 to 8/990). | 4,99,000/- | 10,000/- | 350/- | One Month |

**Executive Engineer,**
**Chopal Division HPPWD.,Chopal.**
1058/H.P.


# सुंदरनगर के ठारू गांव में हुई मौत निकली हत्या, आरोपी हिरासत में

बीरबल शर्मा
मंडी, 19 जून।

मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत जड़ोल के गांव ठारू में पिछले कल हुए एक संदेहास्पद मृत्यु मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। मामले में लगाए जा रहे कयासों को विराम देते हुए सुंदरनगर थाना पुलिस ने 24 घंटे में सुलझा लिया गया है। इस मामले में मृतक हंसराज के भाई के चचेरे साले के खिलाफ हत्या और महिला के साथ छेड़छाड़ के तहत मामला दर्ज कर हिरासत में लिया गया है।

सुंदरनगर थाना पुलिस ने प्रभारी कमलकांत के नेतृत्व में इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों को खंगालने पर मृतक हंसराज की नाबालिग बेटी के बयान के आधार पर एफआइआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस के अनुसार हंसराज वारदात वाली रात 12 बजे अपने भाई ज्ञान चंद उर्फ सुरेश कुमार को लेने जड़ोल पैट्रोल पंप गया था और उस समय उसके साथ ज्ञान चंद का चचेरा साला सुभाष भी मौजूद था। इसके बाद इन तीनों ने कार में बैठकर शराब पी और रात 2 बजे तक घर वापस आ गए। घर पहुंचने पर हंसराज का भाई अपने घर सोने के लिए चला गया। लेकिन हंसराज और आरोपी सुभाष घर के बाहर बैठकर बातें करते रहे। कुछ देर बाद हंसराज ने अपनी बेटी से कमरे की चाबी मांगी।

पता चला है कि घटना वाली रात आरोपी सुभाष बार-बार हंसराज की बेटी के कमरे का दरवाजा खटखटा रहा था। इस पर हंसराज ने सुभाष को इस प्रकार से उसके सोए हुए बच्चों को तंग करने से मना किया। उस समय कमरे में हंसराज की बेटी के अलावा उसका छोटा भाई भी सोया हुआ था। आरोपी सुभाष ने दोबारा हंसराज की बेटी के कमरे खटखटाया तो कमरे की कुंडी अपने आप खुल गई। आरोपी ने अंदर जाकर लड़की का हाथ पकड़ लिया। इस पर वह हाथ छुड़वा अपनी चाची के कमरे में सोने के लिए चली गई। इसके उपरांत हंसराज ने सुभाष को थप्पड़ भी मारा।


**हिसार मेटल इंड़स्ट्रीज लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय:** नियर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉलोनी, दिल्ली रोड, हिसार-125005 (हरियाणा)
**ईमेल:** info@hisarmetal.com, **वेबसाइट:** www.hisarmetal.com
**फोन:** (01662) 220067, 220367, 220738, **फैक्स:** (01662) 220265
**सीआईएन:** L74899HR1990PLC030937

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीयन अनिवार्यताएें एवं प्रकटीकरण अपेक्षाऐं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसार, अन्य बातों के साथ-साथ, 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार और स्वीकृत और उक्त वर्ष के लिए लाभांश, यदि कोई हो, की सिफारिश करने हेतु कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 30 जून, 2020 को आयोजित की जाएगी।

यह जानकारी कंपनी की वेबसाइट www.hisarmetal.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

कृते **हिसार मेटल इंड़स्ट्रीज लिमिटेड**
**हस्ता/-**
**(विशेष कुमार चुघ)**
**कंपनी सचिव**

**स्थान: हिसार (हरियाणा)**
**दिनांक: 19 जून, 2020**



**विन्सम टेक्सटाइल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 1, इण्डस्ट्रियल एरिया, बद्दी, जिला सोलन (हि.प्र.)-173205
दूरभाष : 01795-244045, फैक्स नं. : 01795-244287,
सीआईएन : L17115HP1980PLC005647
वेबसाइट : www.winsometextile.com, ई-मेल : cswtil@winsometextile.com

**कम्पनी सूचना**

सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसार अन्य बातों के साथ-साथ 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए कम्पनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने के लिए कम्पनी के निदेशक मण्डल की एक बैठक सोमवार, 29 जून, 2020 को आयोजित की जानी निर्धारित की गयी है।

कथित सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.winsometextile.com तथा साथ ही स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

कृते विन्सम टेक्सटाइल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
ह./-
विदेश्वर शर्मा
कम्पनी सचिव
एसीएस - 17201

तिथि : 19.06.2020
स्थान : चण्डीगढ़



**हरियाणा सरकार**

**TENDER NOTICE**

| Sr. No. | NAME OF DEPARTMENT | NAME OF WORK/NOTICE/TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE | AMOUNT/EMD (APPROX.) in Rupees | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PWD B&R, PANIPAT | CONSTRUCTION OF NEW STADIUM VILLAGE BHALSI IN PANIPAT DISTT (RE-INVITED) + 1 OTHER WORK | 16.06.2020 30.06.2020 | 495.48 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0180-2638652 |
| 2. | PWD B&R AMBALA | WIDENING AND STRENGTHENING OF LINK ROAD FROM MSN ROAD TO SAROLAN KALAN (KM 0.00 TO KM 1.200) (ROAD ID 80) IN AMBALA DISTRICT. (RE-INVITED) + 3 OTHER WORKS | 17.06.2020 01.07.2020 | 98.37 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630250 Pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 3. | PWD B&R, HISAR | SPECIAL REPAIR OF DAHA VILLAGE APP. ROAD (RD 0.00 TO 0.450) IN HISAR DISTT (ROAD ID 4779)-RECALL | 23.06.2020 06.07.2020 | 23.59 LACS | https://etenders.hry.nic.in | Executive Engineer |
| 4. | FOREST DEPARTMENT BHIWANI | NEW/MAINT. OF PLANTATION IN BHIWANI IST BLOCK + 12 OTHER WORKS | 25.06.2020 26.06.2020 | 2.15 CRORE | http://haryanaeprocurement.gov.in TENDER NO 2020_HRY_132426_1+ 12 OTHER | dfo.bhiwani@yahoo.com 01664-242430 |
| 5. | IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT KURUKSHETRA | CONSTRUCTION OF 33 NO. BORE WELLS FOR RECHARGING AQUIFERS OF OVER EXPLOITED FOR VARIOUS SITE IN BLOCK SHAHABAD (DISTRICT KURUKSHETRA) IN WATER SERVICES DIVISION, KURUKSHETRA. + 2 OTHER WORKS | 18.06.2020 29.06.2020 | 321 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01744-239164 xenwsdivnkkra@gmail.com |
| 6. | IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT TOHANA. | CONSTRUCTION OF 34 NOS. BOREWELLS FOR RECHARGING AQUIFERS OF OVER EXPLOITED BLOCK RATIA DISTT. FATEHABAD IN TOHANA WS DIVISION, TOHANA + 02 OTHERS WORKS | CLOSING DATE 30.06.2020 | 328 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01692-230001 hid.eewstohana@ yahoo.com |
| 7. | PWD B&R, KARNAL | WIDENING & STG. WITH WBM + PC & CCB ON KALSORA TO ISLAM NAGAR RD 0 TO 2800 (ROAD ID-7191) & INDRI GARHI BIRBAL ROAD TO ISLAM NAGAR RD 0 TO 4.20 (ROAD ID-7202) (BALANCE WORK AT THE COST OF M/S TYCON CONSTRUCTION CO.,) | 22.06.2020 13.07.2020 | 75 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2251029 pwd-eepd karnal@hry.nic.in |
| 8. | CIVIL SURGEON, JHAJJAR | TENDER FOR HIRING OF PRIVATE AMBULANCE SERVICES | 19.06.2020 30.06.2020 | EMD10000 | https://etenders.hry.nic.inTENDER NO 2020_HRY_132423_1 | 9812142742 dhs.csjjr@hry.nic.in |
| 9. | PUBLIC HEALTH ENGG. KARNAL | A/MTC. SEWERAGE SCHEMES NISSING TOWN. (UNDER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DIVISION, NO. 2, KARNAL + 4 OTHER WORKS | 19.06.2020 26.06.2020 | 47.20 LACS | https://etenders.hry.nic.inTENDER NO 2020_HRY_131111_2 + 4 OTHER | 0184-226600 4eepkarnal@gmail.com |

**FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
81373/Hry


# तिरंगे में लिपटे अंकुश के पार्थिव शरीर को देख बिलख उठा पूरा गांव

## वीर सैनिक राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन

### सेना के जवानों ने बंदूकें उल्टी कर शहीद को दी सलामी

संजय शर्मा
हमीरपुर, 19 जून।

भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास गलवान में 15 जून को दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुई हिंसक झड़प में मारे गए भारतीय सेना के 20 जवानों में शामिल प्रदेश के हमीरपुर जिले के अंकुश ठाकुर की पार्थिव देह शुक्रवार शाम उनके पैतृक गांव कड़ोहता पहुंची। अंकुश की पार्थिव देह घर पहुंचते ही हर तरफ चीख-पुकार मच गई। पूरा गांव 'अमर शहीद अंकुश ठाकुर' और 'चीन मुर्दाबाद' के नारों से गूंज उठा।



जिले की भोरंज तहसील के गांव कड़ोहता के 21 वर्षीय अंकुश ठाकुर का शुक्रवार देर शाम पूरे राजकीय सम्मान के साथ अतिम संस्कार किया गया। उनकी चिता को उनके छोटे भाई अदित्य ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर भारतीय स्थल सेना के सैनिकों ने शहीद को सलामी दी और श्रद्धांजलि अर्पित की। शुक्रवार को ही अंकुश के पार्थिव शरीर को सेना की एक टुकड़ी ने पूरे सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव पहुंचाया। ऊना से लेकर बंगाना ,बड़सर, मेहरे,सलोनी, भोत्ता अघार, कोठी टाउन भरारी, ब्लोखर, पट्टा, लदरोर में जगह जगह लोग उमड़े थे। 'भारत मां की जय', 'जब तक सूरज चांद रहेगा, अंकुश ठाकुर तेरा नाम रहेगा' के नारों से वातावरण गूंज रहा था।

सेना की टुकड़ी ने अंकुश के पार्थिव शरीर पर राष्ट्रीय ध्वज चढ़ाया। एक टुकड़ी ने श्मशानघाट पर हवा में फायर कर जवान को सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। बता दें कि तिरंगे में लिपटे अंकुश ठाकुर की पार्थिव देह को लेकर विशेष विमान शुक्रवार सुबह 10 बजे लेह से चंडीगढ़ पहुँचा। वहां से सड़क मार्ग से उनकी पार्थिव देह हमीरपुर जिला के भोरंज उपमंडल के कड़ोहता गाँव लाई गई।

इस मौके पर पंचायती राज मंत्री वीरेंद्र कंवर, भोरंज की भाजपा विधायक कमलेश कुमारी , विधायक नरेंद्र ठाकुर, सुभाष ठाकुर , कर्नल इन्द्र सिंह ज़िला प्रशासन की ओर से उपायुक्त , एसपी, एसडीएम भोरंज, हिमाचल पुलिस ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर शहीद को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भारतीय स्थल सेना की ओर से शहीद के साथ आए सात सैनिकों ने बंदूकें उल्टी कर ससम्मान वीर सैनिक शहीद अंकुश ठाकुर को सलामी दी तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त हरिकेश मीणा, पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ठाकुर ने भी देश के वीर सपूत को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की। बता दें कि चीन के साथ हुई हाल ही में हुई झड़प में हमीरपुर जिला के कड़ोहता गाँव का वीर सैनिक अंकुश ठाकुर पुत्र अनिल ठाकुर (21) शहीद हो गए। वह 3 पंजाब रेजिमेंट में तैनात थे।अंकुश ठाकुर 2018 में सेना में भर्ती हुए थे । अत्यंत शांत एवं मिलनसार युवक अंकुश गाँव में सबके दुलारे थे। मेडिकल की पढ़ाई छोड़ उसने देश सेवा को प्राथमिकता दी और चीन सीमा पर शहीद हो गए। अंकुश ठाकुर के पिता अनिल कुमार और दादा सीता राम भी भारतीय सेना में सेवाएं दे चुके हैं।

# मानसून पूर्व की बौछारें 23 से भिगो सकती हैं प्रदेश को

**शिमला:** प्रदेश में 23 जून से मानसून पूर्व की बौछारें गिरने की संभावनाएं बढ़ गई है। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य हिमाचल में 23 जून बहुत से स्थानों पर बारिश हो सकती है। इसके अलावा विभाग ने इसी दिन मध्य हिमाचल में अंधड़ चलने, बिजली चमकने और बारिश को लेकर पीली चेतावनी जारी की है। 23 से 25 जून तक प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश की भविष्यवाणी जारी की गई है। विभाग के मुताबिक इस बार मानसून के सौ फीसद रहने की संभावना है। दो तीन दिनों से प्रदेश के कुछ इलाकों में हलकी बारिश हो रही है। बीती रात को बैजनाथ में 30,धर्मशाला में 19,पालमपुर में 4,सुजानपुर टीहरा जोगिंदरनगर व मनाली में 3 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है। इसके अलावा आज नाहन में 13.1 मिलीमीटर बारिश हो गई जबकि धर्मशाला में 13,सुंदरगनर में 7 और जुब्बड़हटटी में बूंदाबांदी हुई है। बारिश की वजह से पारा में उछाल थम गया है व मैदानी इलाकों में ऊना का पारा 40 डिग्री के नीचे आ गया है। ऊना का दिन का तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया है।इसके अलावा बिलासपुर का 36.5,हमीरपुर का 36.2,कांगड़ा का 35.2,चंबा का 36,सोलन का 34.2और नाहन का अधिकतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया है।

राजधानी शिमला के तापमान में कोई ज्यादा बदलाव नहीं आया है। राजधानी का पारा बीते रोज की तरह आज भी 27.4 डिग्री पर ही टिका हुआ है जबकि कबाइली इलाकों में कल्पा का दिन का पारा 24.2 और केलांग का 22.5 डिग्री दर्ज हुआ है । कुफरी का तापमान 19.9 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश में मैदानी व मध्य हिमाचल के कुछेक इलाकों में बारिश की संभावना जताई है।

# प्रदेश को पर्यटकों के लिए खोलेंगे पर कोविड को बेकाबू नहीं होने देंगे: धीमान

अनुराधा शर्मा
चंडीगढ़, 19 जून।

हिमाचल प्रदेश में कोरोना महामारी का प्रकोप अन्य राज्यों की अपेक्षा कम है। यहां तीन मई को कोरोना का केवल एक ही मरीज था। फिर बाहरी राज्यों से तकरीबन दो लाख लोग लौटे और उसके बाद से अब तक कुल 580 मामले हो गए हैं। प्रदेश में कोरोना से निपटने के लिए उठाए सार्थक कदमों के लिए मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर को प्रधानमंत्री भी शाबाशी दे चुके हैं। प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) आरडी धीमान ने जनसत्ता से बातचीत के दौरान कोरोना से निपटने के उपायों पर चर्चा की।



**प्रदेश में कोरोना से हुई सात लोगों की मौत की क्या वजह रही?**

प्रदेश में छह लोगों की मौत का कारण को-मोरबिडीटीस है। को-मोरबिडीटीस में मधुमेह, दिल की बीमारी, किडनी, अस्थमा, टीबी और 60 साल की उम्र से अधिक के लोग शामिल हैं। इन लोगों में से पांच की मौत किडनी की बीमारी जबकि एक की मौत अस्थमा से हुई थी।

**बिना पास आवाजाही कब होगी संभव?**

कोविड-19 की स्थिति पर ही निर्भर करेगा यह सब। हम सबकुछ खोलना चाहते हैं लेकिन कोविड की स्थिति को भी तो अनियंत्रित नहीं करने देंगे।

**गंभीर मरीजों को लेकर क्या तैयारियां हैं?**

प्रदेश में कुल 115 वेंटिलेटर हैं। केंद्र सरकार ने प्रदेश के लिए 40 और वेंटिलेटर्स आवंटित किए हैं जो दो-चार दिनों में पहुंच जाएंगे। कोविड रोगियों के लिए हमने तीन स्तरीय व्यवस्था का प्रबंध किया है। इसमें 1400 बिस्तरों वाले 25 कोविड केयर सेंटर्स, 700 बिस्तरों वाले 11 कोविड समर्पित हैल्थ केयर सेंटर्स और 600 बिस्तरों वाले 6 कोविड समर्पित अस्पतालों का प्रबंध किया है।

**गृह संगरोध और संस्थागत संगरोध के क्या पैमाने हैं?**

सरकार ने एक संशोधित सूची जारी की है जिसमें मुंबई, चेन्नई, अमदाबाद, ठाणे, पुणे, हैदरबाद, चेंगालपट्ठू, जयपुर, जोधपुर, कोलकाता/हावड़ा, इंदौर के साथ-साथ दिल्ली के सभी जिलों से आने वाले लोगों को अब संस्थागत संगरोध में रहना होगा। इसके अलावा ई पास को लेकर भी नियमों में बदलाव किया गया है। ई पास के लिए अब पक्के पते का सबूत अपलोड करना होगा तभी उन्हें ई पास मिलेगा। इसके अलावा हैवी लोड जिलों से आने वालों को संस्थागत जबकि बाकियों को गृह संगरोध में रहना होगा।

**होटलों में संगरोध के लिए क्या राशि तय है?**

जो लोग सरकारी संगरोध में नहीं रहना चाहते उनकी सुविधा के लिए होटलों का प्रबंध किया गया है। यह खर्च 50 फीसद के आसपास वसूला जाता है। लेकिन इसके लिए जिले का उपायुक्त जरूरत पड़ने पर होटल किराए पर ले सकता है। फिर भी यदि कोई अच्छे होटल में सुविधाओं के साथ रहना चाहता है तो उसे उसके मुताबिक मुहैया करवाया जाता है।

**प्रवासी मजदूरों के लिए क्या पग उठाए?**

सरकार ने मजदूरों के लिए मनरेगा के रेकार्ड काम शुरू किए हैं दूसरे प्रवासी मजदूर भी बाहर से आने लग गए हैं। सेब तुड़ान का काम करने वाले नेपाली मजदूरों को बुलाने के लिए सरकार ने नेपाल की सरकार को पत्र लिखा है। खास बात यह है कि उनके लिए संगरोध की शर्त को हटा दिया है।

**लोगों में कैसे आई जागरूकता?**

रेडियो, टीवी, अखबार, केबल में विज्ञापन इत्यादि के साथ ही वीडियो के जरिए। इसके अलावा टीवी और रेडियो में टॉक शो के साथ फेसबुक, व्हाटस्अप और ट्वीटर समेत दूसरे तरीकों का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। इन सबसे अलग हमने एक एक्टिव केस फाइंडिंग कैपेंन आयोजित किया था जिसमें हमारी टीम घर-घर गई और डाटा एकत्रित किया। इससे समाज में व्यापक जागरूकता पैदा हुई। अब तो समुदाय खुद ही हर चीज पर नियंत्रण कर रहा है और यदि कोई भी व्यक्ति छिपकर आ भी जाए तो वह तुरंत पुलिस को रिपोर्ट करते हैं।

**कोरोना को थामने की क्या रणनीति रही?**

देश में कोविड-19 की शुरु आत में ही यहां कर्फ्यू लगा दिया गया था। हमारे पास सर्विलांस, संगरोध, जांच, इलाज, निगरानी और सैंपलिंग के लिए बहुत ही प्रभावशाली तंत्र है। वहीं पूरा प्रशासन भी लगातार इसमें सक्रिय रहा।